प्रादेशिक समाचार

दिनांक–13.07.2024 (दोपहर–1455 बजे)

केन्द्र सरकार ने 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाने का फैसला किया है। इस दिन तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने वर्ष 1975 में देश में आपातकाल लगाया था। इस संबंध में सरकार ने अधिसूचना जारी की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि यह दिवस उन घटनाओं का स्मरण कराएगा, जब भारत के संविधान को रौंदा गया था। श्री मोदी ने कहा कि यह दिन हर उस व्यक्ति को श्रद्धांजलि देने का भी दिन है, जिसने आपातकाल की ज्यादतियों को सहा था।

****

केन्द्रीय महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने झारखंड में जल जीवन मिशन के क्रियान्वयन में अनियमितता का आरोप लगाया है। गिरिडीह में आकाशवाणी से बातचीत करते हुए उन्होंने जल जीवन मिशन के साथ–साथ पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना के क्रियान्वयन में भी गड़बड़ी का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार केन्द्रीय योजनाओं में हो रही गड़बड़ियों को रोकने में विफल साबित हो रही है। केन्द्रीय मंत्री ने पूरे मामले की जांच कराने की भी बात कही।

****

राजधानी रांची समेत राज्यभर की अदालतों में आज राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इसमें 10 लाख मामलों के निष्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इधर गिरिडीह व्यवहार न्यायालय में झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश राजेश शंकर ने आज राष्ट्रीय लोक अदालत का उदघाटन किया। इस मौके पर प्रधान जिला जज मनोज कुमार,, उपायुक्त नमन प्रेयस लकड़ा भी मौजूद रहे। अलग अलग मामलों के निपटारे के लिए अलग अलग बेंच की व्यवस्था की गई है। बाद में न्यायाधीश राजेश शंकर ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि अभी तक 4000 से अधिक मामलों का निपटारा किया जा चुका हैं। उन्होंने बताया कि 130 करोड़ रुपए से अधिक राजस्व के मामलो का निपटारा किया जा चुका है।

****

श्रम मंत्री सह स्थानीय विधायक सत्यानंद भोक्ता ने आज चतरा पशुपालन विभाग कार्यालय में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत गौ पालकों के बीच दर्जनों दुधारू गायों का वितरण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि सरकार पशुपालन को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं संचालित कर रही है। उन्होंने किसानों को पशुपालन के लिए भी प्रेरित किया।

****

गुमला जिला के घाघरा, बिशुनपुर, डुमरी और चैनपुर प्रखंडों में चिन्हित 100 विशिष्ट जनजातीय परिवारों के बीच बायोफोर्टिफाइड कैल्शियम फिंगर मिलेट बीज का वितरण किया गया। इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी मौजूद रहे। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत इन बीजों का वितरण किया गया।

****

राज्य के पूर्व मंत्री दुलाल भुइयां के जमशेदपुर के निर्मल नगर स्थित अतिथि भवन में प्रसाशन की टीम ने छापेमारी कर देह व्यापार का खुलासा किया है। धालभूम एसडीओ पारुल सिंह, डीएसपी निरंजन तिवारी ने बीती रात संयुक्त रूप से छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने अतिथि भवन के दो मैनेजर, कर्मचारी, तीन युवती और दो युवकों को हिरासत में लिया है। धालभूम की अनुमंडल पदाधिकारी पारूल सिंह ने बताया कि पुलिस को 100 डायल पर सूचना मिली थी।

****

धनबाद के तोपचांची थाना क्षेत्र के मदैयडीह में आज नेशनल हाइवे 19 पर सड़क किनारे खड़ी बाइक को अनियंत्रित बोलेरो ने टक्कर मार दी। इस हादसे में मां–बेटी की मौके पर ही मौत हो

गई, जबकि पिता–पुत्र गंभीर रूप से जख्मी हो गए हैं। वहीं बोलरो में सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हैं।

****

खूंटी जिले की पहचान हॉकी की नर्सरी के बाद राइफल शूटिंग में भी बनने जा रही है।

****

मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत आज गुमला जिले के 120 ईसाई धर्म के तीर्थयात्रियों की बस को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी और वरीय अधिकाािरियों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया । जिला खेल पदाधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि यह यात्रा छह दिनों की है जिसमें सभी को गोवा ले जाया जा रहा है।

****

चतरा जिले के कई प्रखंडों में अच्छी बारिश की आस लगाए किसानों ने आषाढ़ी पूजा कर रोपनी का काम शुरू कर दिया है। जुलाई महीने में अब तक चतरा जिले में 18 दशमलव 9 मिमी बारिश हुई है।

******समाप्त******